# 2025-26 में नपा ने वसूला 81 प्रतिशत टैक्स, अभी 15 हजार बकायादार

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 20 अप्रैल. वित्तीय वर्ष 2025-26 में 19 प्रतिशत शहरवासियों ने टैक्स जमा नहीं किया है। अब उन्हें विगत और चालू वित्तीय वर्ष यानि दोनों वर्ष का टैक्स जमा करना होगा। टैक्स वसूली को लेकर नगरपालिका ने भारी भरकम प्रयास भी किया।**

**वित्तीय वर्ष 2024-25 से 15 .49 प्रतिशत अधिक**

**अब बकायादारों को जमा करना होगा दोगुना टैक्स**

लेकिन नगरपालिका वित्तीय वर्ष 2025-26 में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। यह जरूर है कि नगरपालिका ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से अधिक यानि 81 प्रतिशत टैक्स वसूली किया है। 2024-25 में नपा के टैक्स वसूली का प्रतिशत मात्र 65.51 था। नगरपालिका ने विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 9,40,73,439 रूपये की वसूली की है, जबकि नगरपालिका की कुल मांग 11,67,80,790 रूपये थी। हालांकि नगरपालिका ने करों की वसूली के लिए सरचार्ज में छूट भी दी थी। जिससे इस वर्ष लोगों ने भी टैक्स जमा करने में खासी रूचि दिखाई। इसके अलावा लोक अदालत भी टैक्स वसूली का अच्छा माध्यम बना। जिससे नगरपालिका 80 फीसदी से अधिक टैक्स वसूल करने में कामयाब हो सकी। बता दे कि सामान्य तौर पर किसी भी नपा की वित्तीय स्थिति राजस्व विभाग पर टिकी रहती है। बताया जाता है कि सभी करों का भुगतान आने के बाद यह राशि नगरपालिका विकास कार्यो पर खर्च करती है।



नगरपालिका का बजट भी राजस्व वसूली पर निर्भर करता है।

**जल शुल्क वसूली में नपा पिछड़ी :** जल शुल्क की वसूली में हर साल की तरह इस साल भी नगरपालिका पिछड़ गई है। शहर में जलशुल्क की डिमांड 3 करोड़ 63 लाख 83 हजार 621 रुपए थी। जिसके विरूद्ध नगरपालिका 2 करोड़ 10 लाख 35 हजार 718 रुपए की वसूल कर पाई है। जबकि 1 करोड़ 53 लाख 47 हजार 903 रुपए अब भी शहरवासियों पर बकाया है। जलकर की शतप्रतिशत वसूली नहीं हो पाने के कारण नगरपालिका पर पेयजल सप्लाई को वित्तीय भार बढ़ रहा है। इस वजह से नगरपालिका को जलशुल्क की दर 150 रुपए प्रतिमाह करना करना पड़ा है। नगरपालिका में जलशुल्क वसूली का सबसे कम 58 प्रतिशत रहा है।

**अब लोगों को नहीं मिलेगा छूट का लाभ :** समय पर टैक्स जमा करने पर दी जाने वाली छूट का लाभ अब इन उपभोक्ताओं को नहीं मिलेगा, जिन्हेंाने अभी तक टैक्स जमा नहीं किया है। नगरपालिका सूत्रों के मुताबिक ऐसे करदाताओं की संख्या लगभग 15 हजार है।

> करीब पंद्रह हजार बकायादार है, जिन्होंने इस वर्ष टैक्स जमा नहीं किया है। इस वजह से उन्हें अब नए वित्तीय वर्ष में संपत्तिकर का दोगुना टैक्स जमा करना होगा। वहीं नए वित्तीय वर्ष से संपत्तिकर में दस प्रतिशत की वृद्धि भी कर दी गई है।
>
> **- ब्रजगोपाल परते, वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक, नगरपालिका बैतूल**

## 109 प्रतिशत वसूला संपत्ति कर

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के साथ नगरपालिका बैतूल ने संपत्तिकर वसूली में रिकॉर्ड बनाया है। नगरपालिका के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 4 करोड़ 8 लाख 83 हजार 440 रुपए के संपत्तिकर की मांग रखी गई थी, जिसके विरुद्ध नगरपालिका ने 4 करोड़ 45 लाख 77 हजार 689 रुपए की वसूली की। यह कुल मांग का 109 प्रतिशत है, जो एक रिकॉर्ड है। अधिकारियों का कहना है कि अंतिम समय में बकाया करदाताओं द्वारा दोगुना टैक्स जमा करने से यह लक्ष्य पार हो सका। इसके अलावा नपा ने सामान्य जलकर की 91 प्रतिशत वसूली की है। सामान्य जलकर की कुल मांग 828124 रूपये थी, जिसमें से नपा ने 755953 रूपये वसूल किये है।

## अब करदाताओं को भरना होगा दोनों वर्ष का टैक्स

शहर में अभी भी करीब 15 हजार लोगों ने संपत्तिकर जमा नहीं किया है। अब नए वित्तीय वर्ष में इन्हें संपत्तिकर की दोगुनी राशि यानि दोनों वर्ष का टैक्स जमा करना होगा। बताया गया कि यह संशोधित प्रावधान पिछले वित्तीय वर्ष में ही किया गया है। देखा जाए तो वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरपालिका को डिमांड से करीब 2,27,07,351 रुपए कम मिले है। बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरपालिका की कुछ डिमांड 11 करोड़ 67 लाख 80 हजार 790 थी। जिसके विरूद्ध नगरपालिका ने 9 करोड़ 40 लाख 73 हजार 439 रुपए वसूल किये है, जबकि 2 करोड़, 27 लाख से अधिक राशि शहरवासियों को बकाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरपालिका की 81 प्रतिशत राजस्व वसूली हो सकी है।

## एक नजर में

### आज आउटसोर्स कर्मचारी संघ सौंपेगा ज्ञापन

**बैतूल।** वर्षों से शोषण झेल रहे प्रदेश के लाखों आउटसोर्स कर्मचारी भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में निर्णायक लड़ाई के मूड में है। भामसं के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने आंदोलन का ऐलान किया है। भामंस के जिला मंत्री पंजाबराव गायकवाड़ ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे शहीद भवन के पास आउटसोर्स कर्मचारी एकत्रित होंगे और रैली निकालकर दोपहर 3 बजे कलेक्टर बैतूल को ज्ञापन सौंपेगे। ऑउटसोर्स विद्युत कर्मचारी संगठन अध्यक्ष अंशुल देशपांडे ने जिले के सभी आउटसोर्स विद्युत कर्मचारियों से उपस्थित होने की अपील की है।

### लक्ष्मी तरु पौधों का किया वितरण

**बैतूल।** शारदा नगर गोठाना में आयोजित कार्यक्रम में लक्ष्मी तरु के पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को पर्यावरण जागरूकता एवं बौद्ध धर्म संगोष्ठी से जोड़ते हुए पौधों के औषधीय महत्व की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर दिवंगत प्रेमलाल वरवड़े को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनका निधन 10 अप्रैल को उनके निवास पर हुआ था। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एस. डी. डोंगरे ने किया। सभा में परिजनों और मोहल्लेवासियों ने उनके सरल, मिलनसार और सहयोगी स्वभाव को याद किया। उनकी पुत्री श्रीमती सरोज सातनकर की सेवा भावना भी चर्चा में रही, जिन्होंने कठिन समय में समर्पण के साथ अपने पिता की देखभाल की। नाती अनमोल और प्रियंक की उपस्थिति ने भी उनके जीवन में खुशियां बनाए रखीं।

### अक्षदा सोनी ने हासिल किये 97 प्रतिशत अंक

**बैतूल।** सीसीआई से सेवा निवृत्त हुए स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रेमचंद सोनी-सावित्री सोनी की सुपुत्री एवं लिंक रोड स्थित प्रसिद्ध हृदय-मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम सोनी-सुषमा सोनी की पुत्री अक्षदा सोनी ने बीते दिनों सीबीएससी 10वीं के परिणामों में स्वर्णिम सफलता अर्जित की है। जिला मुख्यालय के ख्यातिनाम आरडी पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा अक्षदा ने सीबीएससी के 10वीं के घोषित परिणाम में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है।

# अंतत : नीतू परमार ने संभाला नगरपालिका अध्यक्ष का प्रभार

**मुलताई। नगरपालिका मुलताई मे अध्यक्ष पद को लेकर चल रही खींचतान सोमवार को उस समय थम गई, जब नगरपालिका की निर्वाचित अध्यक्ष ने हाईकोर्ट के आदेश से पदभार ग्रहण किया।**

**सभी वार्डों में बिना भेदभाव होंगे निर्माण कार्य**

**पदभार ग्रहण करते समय मौजूद रहे समर्थक**

अपने निर्वाचन के बाद नीतू परमार ने तीसरी बार नपा अध्यक्ष पद संभाला। उन्हें सीएमओ वीरेंद्र



तिवारी ने प्रभार ग्रहण कराया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ पंजाबराव बोडखे, नपा उपाध्यक्ष शिव माहौरे पार्षद अंजलि शिवहरे, निर्मला बेले, साजेदा बेगम, अजय यादव, सुरेश पौनीकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, किशोर परिहार, सुमित शिवहरे, प्रहलाद सिंह ठाकुर, राजरानी परिहार, बड़ी संख्या मे खाटू श्याम मंडल की महिलाए एवं कांग्रेसियो ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नपा अध्यक्ष नीतू परमार ने कहा यह जीत मेरी अकेले की जीत नही आप सभी की जीत है। हम वैसे ही पिछड़ गए है, अब बिना किसी भेदभाव के सभी 15 वार्डो मे काम होगा।

जिसके बाद उन्होंने नगरपालिका परिसर मे 1 करोड 6 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन नगरपालिका कार्यालय भवन निरीक्षण किया, एवं उपयंत्री महेश त्रिवेदी को गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। उपयंत्री महेश त्रिवेदी ने बताया उक्त भवन दो माह मे बनकर पूर्ण हो जाएगा।

# भार्गव समाज ने मनाया श्री परशुराम जन्मोत्सव

**मुलताई।** पवित्र नगरी में भार्गव समाज द्वारा ब्राह्मणो के आराध्य भगवान श्री विष्णु के अवतार श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया के अवसर पर सोमवार को मनाया गया। भार्गव समाज के सदस्य प्रशांत भार्गव ने बताया प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के अवसर पर भार्गव समाज द्वारा सुबह 8 बजे ताप्ती तट स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में भगवान श्री परशुराम जी का छायाचित्र रखकर पुजन किया गया । जिसके पश्चात परशुराम घाट पर स्थित भगवान श्री परशुराम जी के शस्त्र फरसे का पुजन किया गया । वही सायंकाल



के समय ताप्ती तट स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में सामाजिक बंधुओं द्वारा सुदंरकांड का पाठ वाचन किया गया। आरती पश्चात सामाजिक बंधुओं द्वारा भगवान के प्रसाद के वितरण कर सामुहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं का सम्मान कर पुरस्कार वितरण किया गया ।पुजन के दौरान सामाजिक बंधुओं द्वारा जय श्री राम, जय जय श्री परशुराम के जयकारें लगाए गये। जिसके पश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

# कार ने मारी बाइक को टक्कर बाइक एवं कार चालक घायल

**मुलताई। नेशनल हाईवे छिंदवाडा रोड पर ग्राम चिखलीखुर्द के पास सोमवार की दोपहर करीब 3.10 बजे एक कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई. जिसमे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।**

वहीं कार चालक को भी मामूली चोटें आई है। जिन्हे नगर के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है ।बताया जाता है ग्राम डोंगरपुर निवासी अशोक धुर्वे 38 वर्ष, पिता दसरू मयावाडी की ओर से शादी के कार्ड बांटकर लौट रहा था। इस दौरान मुलताई की ओर से आ रही कार से बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। कार संजीव कुमार मालवी 52 वर्ष, पिता ईश्वर प्रसाद, निवासी सिवनी चला रहे थे। दुर्घटना मे बाइक चालक अशोक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। ईएमटी डॉ. महेश झलिये ने मौके पर घायल अशोक का प्राथमिक उपचार कर पायलट छोटे सिंह रघुवंशी की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में उनका इलाज जारी है।

# दिव्यांगों की सेवा कार्य अनुकरणीय : सोलंकी

**बैतूल।** सेवा को भाषण से नहीं सेवा करके और उस सेवा का जब लाभ उस सेवा प्राप्त करने वाले को मिलता है उससे जो संतुष्टि मिलती है उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकते हैं। उक्त उदगार सेवा भारती के प्रान्त संगठन मंत्री सुरेंद्र सोलंकी ने सेवा भारती एवं लोक शिक्षण समिति बैतूल के तत्वावधान में खेड़ी में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण के शिविर मे कहे। उन्होंने समिति के द्वारा लगाए गए कृत्रिम अंग प्रत्यापण शिविर की प्रशंसा करते हुआ इसे अच्छी पहल बताया। उन्होने समिति को शिक्षा के साथ स्वावलम्बन के क्षेत्र में भी कार्य करने करने की पहल करने के



लिए कहा। कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि पांच दिवसीय शिविर मे 100 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग देने का लक्ष्य रखा गया है और शिविर के आज दूसरे दिन 50 दिव्यांगों को जांच-माप एवं परीक्षण उपरांत कृत्रिम अंग जिसमे हाथ-पैर दिए गए। इस मौके पर समृद्धि हेल्थ केयर बैतूल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन रखा गया है जिसमे 350 स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां देने के साथ ही निशुल्क रक्त जांच कि भी सुविधा उपलब्ध रही। कार्यक्रम में खेड़ी के गणमान्य नागरिक बैतूल से अनेक समाज सेवी बड़ी संख्या मे मातृ शक्ति उपस्थित रही।

# रास्ता रोककर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

**बैतूल।** भैंसदेही पुलिस ने अपहरण, मारपीट एवं लूट की घटना के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। फरियादी अमन पिता विमल आरसे निवासी ग्राम उमरवानी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 19 अप्रैल को प्रात: लगभग 4-5 बजे वह अपने साथी सोहन कुमरे के साथ पिकअप वाहन से चार बेल चांदूर बाजार ले जा रहा था। ग्राम हीरादेही रोड जंगल क्षेत्र में अज्ञात 7-8 व्यक्तियों द्वारा रास्ते में पत्थर रखकर वाहन रोका गया एवं फरियादी व उसके साथी के साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने फरियादी के पिकअप वाहन के चार पहिए बदल लिए, 4 बैल लूट लिए तथा फरियादी के भाई से 35,000 गुगल पे के माध्यम से ट्रांसफर करवाए। मुख्य आरोपी पिंकेश द्वारा उक्त राशि अपने जीजा के खाता नंबर में डलवाए गए। शिकायत पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पिंकेश पिता धनु बछले (24 वर्ष), निवासी मोराड आठनेर, राजू पिता अमरलाल गोहे निवासी अजबगढ़, अजय आठोले पिता बलदेव आठोले, निवासी खड़ेगांव और अरुण गोहे पिता संतोष (23 वर्ष), निवासी अजबगढ़ चौकी मासोद को गिरफ्तार कर पिकअप वाहन, मोटरसाइकिल, बैल और 35000 रूपये बरामद किये है ।

# भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव मनाया

**बैतूल।** सर्व सनातन ब्राह्मण समाज के द्वारा समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी का प्रगट उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शिव परशुराम मंदिर बडोरा में भगवान गणेश, कार्तिकेय, नंदिदेव, भृंगीदेव, कीर्तिवीर्य, कुबेरदेव, भीलट देव, सिलट देव, वीरभद्र, बहसंख्यक रुद्र रुद्री सहित वासुकि नाथ भगवान शिव पार्वती उनके प्रिय सप्त ऋषि नव गृह, समस्त नक्षत्र देव एवं षोडश मातृकाओं सहित भगवान परशुराम जी के षोडशोपचार पूजन किया गया। अंत में सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा विराट हवन में आहुति समर्पित कर शिव पंचायत सहित भगवान





परशुराम जी की माह आरती सम्पन्न की गई। साथ ही शाम को परशुराम चौक पर आमला विधायक योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, समाजसेवी मुकेश खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष नपा आनंद प्रजापति की उपस्थिति में फरसा पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुश्री उषा द्विवेदी महेंद्र दीक्षित, अध्यक्ष सुभाष पांडे, उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा, संजय मिश्रा, प्रवीण तिवारी आदि स्वजातीय बंधु मौजूद थे।

# वन नेशन वन पेंशन और डीआर-डीए में समानता की मांग

बैतूल। मप्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन जबलपुर के विधि सलाहकार एम.एम. अंसारी ने अध्यक्ष/सदस्य सचिव, 8वें वेतन आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजे ज्ञापन में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन के बीच पेंशनभोगियों के अधिकारों और लाभों में समानता को लेकर विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के डी.एस. नाकरा (1982) और महेंद्र नाथ शर्मा (2015) फैसलों का हवाला देते हुए कहा गया है कि पेंशन कोई अनुग्रह नहीं, बल्कि अर्जित संपत्ति है, जिसे नियम बदलकर प्रभावित नहीं किया जा सकता। अनुच्छेद 14 और 21 के तहत समानता और सम्मानजनक जीवन का अधिकार सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। महंगाई भत्ता और महंगाई राहत को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच असमानता पर आपत्ति जताते हुए कहा गया है कि एआईसीपीआई के आधार पर बढ़ती महंगाई पूरे देश में समान है, इसलिए वित्तीय स्थिति का हवाला देकर डीआर रोका नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के 2026 के हालिया आदेशों का हवाला देते हुए केंद्र की तिथि और दर से ही राज्यों और सार्वजनिक उपक्रमों के पेंशनर्स को भुगतान करने तथा वन नेशन, वन पेंशन पॉलिसी लागू करने की मांग की गई है। पेंशन कम्यूटेशन में 15 वर्ष की रिकवरी अवधि को अनुचित बताते हुए इसे घटाकर 11-12 वर्ष करने का प्रस्ताव दिया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान ब्याज दरों के आधार पर राशि 10 वर्ष 8 माह में ही वसूल हो जाती है, इसलिए इसके बाद कटौती जारी रखना उचित नहीं है और राशि पूरी होने पर पेंशन तत्काल बहाल की जाए। ग्रेच्युटी भुगतान में केंद्र और राज्यों के बीच अंतर को समाप्त कर पेमेंट ऑफ ग्रेच्युटी एक्ट, 1972 के अनुसार समान गणना और अधिकतम सीमा लागू करने की मांग की गई है, ताकि पेंशनर्स को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। आयु आधारित अतिरिक्त पेंशन 80 वर्ष के बजाय 65 वर्ष से शुरू करने का प्रस्ताव देते हुए 65 वर्ष पर 10 प्रतिशत, 70 पर 20 प्रतिशत, 75 पर 30 प्रतिशत और इसके बाद हर पांच वर्ष में 10-10 प्रतिशत वृद्धि का सुझाव दिया गया है, ताकि बढ़ते चिकित्सा और देखभाल खर्चों का सामना किया जा सके।


**पेंशन समानता पर 8वें वेतन आयोग को दिया ज्ञापन**

**आयु आधारित पेंशन 65 वर्ष से शुरू करने का रखा प्रस्ताव**

# आसमान में बादल छाने से तापमान में आई गिरावट

**बैतूल। आसमान में बादल छाने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि रविवार रात न्यूनतम पारे में करीब डेढ़ डिग्री की गिरावट आई और यह 21.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।**

सोमवार को सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं, जिससे मौसम में हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से सक्रिय हुआ प्रेशर सिस्टम अब अपना असर दिखा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इसी प्रेशर सिस्टम के कारण बैतूल और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। आमतौर पर अप्रैल के इस समय में तेज धूप और तपन के



साथ गर्मी बढ़ती है, लेकिन इस बार बादलों की मौजूदगी ने तापमान में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने दी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 10 दिनों तक बैतूल में मिला-जुला मौसम देखने को मिलेगा। इस अवधि में अधिकतम तापमान 37 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 21 से 25 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। कई दिनों तक आंशिक बादल छाए रहेंगे और बीच-बीच में धूप भी निकलेगी। हवा की दिशा में बदलाव के कारण उमस में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। पूर्वानुमान के मुताबिक, इस दौरान दो से तीन दिन हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार हैं, खासकर शाम या रात के समय मौसम बदल सकता है। हालांकि, लगातार बारिश की संभावना नहीं है।

# 30 हजार की ब्राउन शुगर जब्त, दो युवक गिरफ्तार

**बैतूल।** नशे के खिलाफ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को 19 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक संदिग्ध हालत में ब्राउन शुगर बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से करीब 2 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लक्कीराज गोस्वामी और प्रभांशु डोंगरे के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उन्हें मादक पदार्थ कौन सप्लाई कर रहा था और इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में की गई। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन : राठौर

**बैतूल। आधुनिकता एवं पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से समाज में अन्य विकृतियां भी पनपने लगी है। जिसका प्रभाव हमारे समाज में नकारात्मक स्वरूप में भी दिखाई देता है।**

जैसे बिखरते परिवार, बिगड़ता पर्यावरण , विदेशी वस्तुओं का अत्यधिक प्रयोग, राष्ट्रीय कर्तव्य की हानि, समाज में विषमता। ऐसे नकारात्मक विषयों का उन्मूलन एवं समाज में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए संघ शताब्दी वर्ष में ऐसे पंच परिवर्तन तय किए गए, जिसमें स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन शामिल हैं। यदि हमारा समाज इन सकारात्मक परिवर्तनों से गुजरता है तो निश्चित ही भारत



विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होगा और हम विदेशी संस्कृतियों के कुप्रभाव से हमारी आने वाली पीढियां को बचा पाएंगे। ऐसा ही एक प्रयास पंच परिवर्तन के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बैतूल बाजार राठौर परिवार द्वारा स्व.श्रीमती पन्नीबाई राठौर की श्रद्धांजलि के अवसर पर पुत्र दिलीप राठौड़ शिक्षक कल्लू राठौर, राजेश राठौर द्वारा किया गया जिसमें आगंतुकों को लक्ष्मी तरु के पौधे वितरित किए गए। मंडल महामंत्री अभिषेक राठौर ने बताया कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु भाजपा भी पंच परिवर्तन जैसे विषयों को समाज के बीच लेकर जा रही है। मंडल प्रभारी अरविंद राठौर द्वारा मंडल में पौधारोपण को लेकर वृहत कार्य योजना की घोषणा प्रस्तुत अवसर पर की गई।